दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. अधिकतर एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने की संभावना। कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले बेहतर रहने के आसार।

02. सर्वेक्षणों में बिहार की चालीस लोकसभा सीटों में से एनडीए को भारी बढ़त। तीस से अधिक सीटें मिलने का अनुमान।

03. चार जून को होने वाली मतगणना के लिये निर्वाचन आयोग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा।

04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तर, दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गरज के साथ बूंदाबांदी की सम्भावना जतायी है।

---

मतदान के बाद विभिन्न एजेंसियों के सर्वेक्षणों में अनुमान लगाया गया है कि चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन केन्द्र में फिर से सरकार बनायेगी। समाचार चैनलों और विभिन्न एजेंसियों के सर्वेक्षणों में एनडीए को तीन सौ पचास से अधिक सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, इंडी गठबंधन दल को एक सौ पच्चीस से एक सौ इकसठ सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। कुछ न्यूज एजेंसियों में शामिल इंडिया टुडे माई एक्सिस, न्यूज ट्वेंटी फोर–टुडे चाणक्य, एबीपी सी वोटर और इंडिया टीवी– सीएनएक्स के सर्वे में एनडीए को तीन सौ इकसठ से चार सौ एक जबकि इंडी गठबंधन को एक सौ इकतीस से एक सौ छियासठ तथा अन्य दलों को सत्ताईस से पैंतालीस सीटें मिलने का अनुमान है। इंडिया टुडे–एक्सिस माई इंडिया के अनुसार भाजपा और उसके सहयोगी दलों को तीन सौ इकसठ से चार सौ एक सीटें जीत सकती हैं, जबकि इंडी गठबंधन को एक सौ इकतीस से एक सौ छियासठ सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य दलों को आठ से बीस सीटें मिलने की संभावना है।

वहीं, इंडिया टीवी सी एनएक्स ने अपने सर्वे में एनडीए को तीन सौ इकहत्तर से चार सौ एक और इंडी गठबंधन को एक सौ नौ से एक सौ उनतालीस और अन्य दलों को अट्ठाईस से अड़तीस सीटें दी हैं। इसी तरह एबीपी–सी वोटर ने एनडीए को तीन सौ तिरपन से तीन सौ तिरासी और इंडी गठबंधन को एक सौ बावन से एक सौ बयासी तथा अन्य दलों को चार से बारह सीटें मिलने का अनुमान जताया है। न्यूज ट्वेंटी फोर–टुडे चाणक्य के अनुसार भाजपा और सहयोगी दलों को तीन सौ पचासी से चार

सौ पन्द्रह और इंडी गठबंधन को छियानवे से एक सौ अठारह तथा अन्य दलों को सत्ताईस से पैंतालीस सीटें तक मिल सकती हैं। इन सर्वेक्षणों में दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तरह बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा, गुजरात, हरियाणा, उत्तराखण्ड और झारखण्ड में भाजपा को भारी सीटें मिलने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी भाजपा को भारी सफलता मिलती दिख रही है।

———————————————————————

बिहार की चालीस सीटों के लिये किये गये सर्वेक्षणों में एनडीए को तीस से बत्तीस सीटें मिलने का अनुमान है। राजद का खाता खुलता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस को एक से दो सीटें मिलने की सम्भावना सर्वेक्षण में जतायी गयी है। रिपब्लिक इंडिया की ओर से जारी सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में एनडीए को सैंतीस सीटें मिल सकती हैं जबकि राजद–कांग्रेस–इंडी गठबंधन को तीन सीटें मिलने की सम्भावना है। आज तक–इंडिया टुडे के सर्वेक्षण में बिहार में भाजपा को तेरह से पन्द्रह, जदयू को नौ से ग्यारह, लोजपा– रामविलास को सभी पांच और राजद को आठ सीटें मिलने की बात कही गयी है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी और आई एन डी आई गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव में बहुमत प्राप्त करने का दावा किया है। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विश्वास व्यक्त किया है कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को तीन सौ सत्तर से अधिक सीटे मिलेंगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन चार सौ से अधिक सीट जीतेगा। उन्होंने कहा कि देश के लोग तुष्टिकरण, भाई–भतीजावाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारेंगे तथा सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत को अपना समर्थन देंगे। श्री नड्डा ने सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया।

———बाईट———

सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव सम्पन्न हुआ है तो मैं अपने मतदाताओं को बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूं। जिन्होंने इतनी भीषण गर्मी में सातों फेज में मतदान किया। मैं विशेषकर के अपने युवा साथी नवमतदाताओं को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने पहली बार अपने मत का प्रयोग किया।

———————————————————————

विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के चार जून को होने वाली मतगणना के पहले नई दिल्ली में पार्टी प्रमुखों के साथ बैठक की। यह बैठक भविष्य की रणनीति की रूपरेखा तैयार करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई। गठबंधन ने दो सौ पंचानवे से अधिक लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने का विश्वास व्यक्त किया। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे ने कहा कि इसमें चुनाव और आगे की चुनौतियों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई है।

———बाईट———

आज हम डिटेल चर्चा करके काउंटिंग के दिन जो हमको केयर लेना चाहिए वो तय करके अपने कैडर को बहुत बार बोले हैं आज मिलकर सबको एक इशारा देना था कि हम किस ढंग से इस चुनाव के दिन लडना चाहिए और बोलना चाहिए। ये चीज पर हमने चर्चा की है।

———————————————————————————

एग्जिट पोल के नतीजों पर सभी राजनीतिक दलों ने अलग–अलग प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि वे जातिवादी, सांप्रदायिक और भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मुट्ठी भर राजवंशों की रक्षा करने वाला यह गठबंधन देश के लिए भविष्य का विजन प्रस्तुत करने में विफल रहा। श्री मोदी ने कहा कि प्रचार अभियान के माध्यम से गठबंधन ने मोदी को कोसने में ही अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि ऐसी नकारात्मक राजनीति को जनता ने खारिज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार अधिक सीटें जीतने के उसके दावे को एग्जिट पोल सही ठहरा रहा है। प्रदेश पार्टी प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि इन आकलनों से साबित होता है कि देश में मोदी लहर है और लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों को सराहा है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इंडी गठबंधन को विजय मिलेगी और दो सौ पंचानवे से अधिक सीटों पर उसके प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। श्री यादव ने चुनाव बाद सर्वेक्षणों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुये कहा है कि ये नतीजे बिना किसी आधार के रखे जाते हैं। चार जून को मतगणना के दिन हकीकत सबके सामने आ जायेगी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुचारू और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने में अनुकरणीय प्रयासों के लिए निर्वाचन आयोग की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि आयोग का समर्पण और सावधानीपूर्वक योजना भारतीय लोकतंत्र की अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रही है, जिससे देश भर के नागरिकों को विश्वास और सुरक्षा के साथ मतदान करने की अनुमति मिलती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति सुरक्षा बलों की सेवा की हममें से हर किसी ने सराहना की है।

———————————————————————————

अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये संपन्न चुनाव की मतगणना चार जून को होगी। मतगणना के लिये निर्वाचन आयोग तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि वज्रगृहों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम मशीनों को रखा गया है। मतगणना केंद्रों पर सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, कल और परसों सभी जिला प्रशासन ने धारा एक सौ चौवालीस लगाने की घोषणा की है।

---

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के दौरान पुलिस ने मतदान केन्द्रों पर हंगामा और अशांति फैलाने के आरोप में पचासी लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें नालंदा, कैमूर और जहानाबाद में बाईस–बाईस, अरवल में तेरह, भोजपुर में पांच और पटना में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सभी सातों चरणों के दौरान दो लाख बीस हजार लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है।

---

पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव पर पटना–डोभी सड़क मार्ग पर अपराधियों ने फायरिंग की। जिसमें श्री यादव बाल–बाल बच गये। घटना की जानकारी देते हुये एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

---

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव में एक मतदान केन्द्र पर पुलिस और मतदाताओं के बीच झड़प हो गयी। जिसमें गोलीबारी के दौरान तीन लोग घायल हो गये। वहीं, जहानाबाद जिले के एक मतदान केन्द्र पर एक पोलिंग एजेंट पर अपराधियों ने गोलीबारी की।

---

मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तर बिहार के साथ ही दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गरज के साथ बूंदाबांदी की सम्भावना जतायी है। विभाग ने कहा है कि अधिकतम तापमान अभी सामान्य से अधिक रहेगा। वहीं, जून में बारिश भी सामान्य से कम होने के आसार हैं। विभाग के अनुसार इस महीने के तीसरे सप्ताह तक गर्मी का प्रभाव बना रहेगा। दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक होगा। जबकि कई जिलों में लू की स्थिति बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक संजय कुमार के अनुसार प्रदेश में मॉनसून दस से पन्द्रह जून के बीच पूर्णियां के रास्ते प्रवेश कर सकता है।

---

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में रोहतास जिले में गर्मी और लू से एक मतदान कर्मी और तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि विभिन्न जिलों में तैनात पैंतीस पुलिस और मतदान कर्मी बीमार हो गये। रोहतास जिले में करगहर थाना क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र पर तैनात होमगार्ड जवान सुभाष प्रसाद सिंह की मौत लू लगने से हो गयी। वहीं, इसी जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर तैनात उन्नीस पुलिस कर्मी बीमार हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इधर, जहानाबाद जिले में भी तीन पुलिस कर्मी लू लगने से बीमार हो गये। कैमूर जिले में जिलाधिकारी

के अंगरक्षक समेत चार पुलिस कर्मी बीमार हो गये। इसके साथ ही अन्य जिलों में भी कई पुलिस कर्मी और पीठासीन पदाधिकारी गर्मी और लू लगने से बीमार हो गये।

---

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप आज से अमरीका में शुरु हो गया है। टूर्नामेंट का पहला मैच इस समय अमरीका के डलास में, अमरीका और कनाडा के बीच खेला जा रहा है। कनाडा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में पांच विकेट पर एक सौ चौरानवे रन बनाए हैं। अमरीका और वेस्टइंडीज़ संयुक्त रूप से इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं। टूर्नामेंट में बीस टीमें हिस्सा ले रही हैं। मेज़बान अमरीका पहली बार इस टूर्नामेंट में शामिल हो रहा है।

---

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद विभिन्न एजेंसियों के सर्वेक्षण से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मोदी इतिहास रचने की ओर। ज्यादातर सर्वेक्षणों में एनडीए को बहुमत, इंडिया की सीटें बढ़ने का अनुमान लगाया।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– लगातार तीसरी बार मोदी सरकार। एग्जिट पोल में गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली में क्लीन स्वीप की आस तो दक्षिण में राजग को बढ़त के संकेत।

दैनिक भास्कर ने आखिरी चरण के मतदान प्रतिशत को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है–अंतिम चरण में बासठ प्रतिशत मतदान, जिसमें बिहार में इक्यावन दशमलव नौ–दो प्रतिशत पड़े वोट।

प्रभात खबर लिखता है– छह जून को समाप्त होगी आचार संहिता।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहार में अंतिम चरण में महिलाओं में दिखा उत्साह, पचास दशमलव पांच–छह प्रतिशत किया मतदान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अधिकतर एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने की संभावना। कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले बेहतर रहने के आसार।

02. सर्वेक्षणों में बिहार की चालीस लोकसभा सीटों में से एनडीए को भारी बढ़त। तीस से अधिक सीटें मिलने का अनुमान।

03. चार जून को होने वाली मतगणना के लिये निर्वाचन आयोग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा।

04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तर, दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गरज के साथ बूंदाबांदी की सम्भावना जतायी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।